# समाचार

## वार्ड क्र. 04 में 95 लाख रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन

### (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड क्र. 04 के विभिन्न विकास कार्यो का शुभारंभ कराया)




कोरबा 20 जून 2017 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 04 के अंतर्गत 94 लाख 43 हजार रूपये के विकास कार्यो का भमिूपूजन किया गया। वार्ड में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर कार्यो का शुभारंभ कराया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 04 राजवाड़े अधिवक्ता के घर के सामने 13 लाख 86 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाली एवं सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 04 प्रताप कुऑ चौक के पास 04 लाख 41 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 04 दुरपा रोड काली मंदिर से कदम पेड़ तक 18 लाख 53 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाली एवं सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 04 (देवांगनपारा) बाबूलाल जायसवाल के घर से तीजीशाह जनरल स्टोर तक 21 लाख 49 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाली एवं सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण, वार्ड क्र. 04 पठान मोहल्ला में 26 लाख 53 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली एवं सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती रानी गेट स्कूल में 09 लाख 61 हजार रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य कराया जाना है। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उक्त छः विकास कार्यो का विधिवत शुभारंभ किया गया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया, पूजा अर्चना की तथा कार्य को प्रारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विगत दिनों वार्ड क्र. 04 के भ्रमण के दौरान वार्डवासियों ने समस्याओं से अवगत कराया था, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उन्हें आश्वस्त किया था कि जल्द से उनकी समस्याओंए का त्वरित निराकरण किया जाएगा। नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महापौर द्वारा सभी वार्डो में सड़क, नाली, बिजली की समस्या का त्वरित रूप से निराकरण किया जा रहा है। नगर विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि महापौर क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अच्छा कार्य कर रही हैं, जिसके लिए मैं महापौर एवं उनकी टीम को बधाई देता हूॅ।

इस अवसर पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद मनीष शर्मा, पूर्व पार्षद तारा देवी ठाकुर, कुसुम द्विवेदी, ममता अग्रवाल, जानकी सोनी, हरिहर खुंटे, सुरेश पटेल, संजय भण्डारी, दीवान गुरूजी, राजेन्द्र मण्डल, रमन साहू अधिवक्ता, रामचन्द्र राजवाड़े, हरिशचन्द्र ठाकुर, बरकत खान, मन्दाकनी श्रीवास, अमरनाथ साहू, शहादत अली, राहुल मण्डल, शिव कुमारी, शोभा, अमृत आदिले, सत्येन्द्र सिंह

ठाकुर, राजू सोनी, राकेश देवांगन, हेमलता वैष्णव, रवि खुंटे, कोमल प्रसाद साहू, पुष्कर आदिले, चन्द्रकात यादव आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

**(रावेन्द्र सिंह)**
मीडिया प्रभारी
**छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित